प्रो0 राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2023/565 दिनांकः 15 दिसम्बर, 2023

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः विश्वविद्यालय की सत्र 2023-24 के विषम सेमेस्टर के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों की प्रथम चरण की परीक्षाओं का सम्भावित (Tentative) परीक्षा कार्यक्रम के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2023-24 के विषम सेमेस्टर के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों की प्रथम चरण की परीक्षायें विश्वविद्यालय के सक्षम स्तर द्वारा दिये अनुमोदनोपरान्त दिनांक **09 जनवरी, 2024 से दिनांक 02 फरवरी, 2024** तक विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित कराये जाने हेतु **सम्भावित (Tentative) परीक्षा कार्यक्रम** संलग्न प्रेषित है।

अतः आपसे अनुरोध है कि संलग्न **सम्भावित (Tentative) परीक्षा कार्यक्रम** में किसी प्रकार की त्रुटि/संशोधन की अवस्था में **ई-मेल आई0डी0 dcoe-a@aktu.ac.in** पर **दिनांक 21 दिसम्बर, 2023 को सायः 5.00 बजे तक** प्रेषित करना सुनिश्चित करें तथा अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को सूचित करने का कष्ट करें।

भवदीय
15/12/2023

संलग्नकः **यथोक्त।**

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक/परास्नातक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. संयुक्त/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक